# बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज-प्रथम का लोकार्पण

## चर्चा में क्यों?

19 सितंबर, 2023 को राजस्थान के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज-प्रथम के तहत रंगोली गार्डन क्षेत्र पेयजल वितरण पार्ट का लोकार्पण किया।

## प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने पंप हाउस से पानी चलाकर रंगोली गार्डन वितरण क्षेत्र की 53 कॉलोनियों को पेयजल आपूर्ति की शुरूआत भी की।
- परियोजना का प्रथम चरण दिसंबर तक पूरा होने के साथ ही पृथ्वीराज नगर की 1100 कॉलोनियों को बीसलपुर का पानी मिलने लगेगा।
- 747 करोड़ रुपए की लागत के बीसलपुर पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज-द्वितीय में भी पृथ्वीराज नगर एवं आसपास की करीब 2200 कॉलोनियों में बीसलपुर का पानी पहुँचेगा।
- परियोजना के फेज-प्रथम में तहत 563.93 करोड़ रुपए की लागत से बालावाला से लोहामंडी तक 44 किमी. लंबी ट्रांसमिशन मेन लाइन, 51 किमी. की राइजिंग मेन लाइन, करीब 970 किमी. की डिस्ट्रीब्यूशन मेन लाइन और साथ ही 9 स्वच्छ जलाशय मय पंप हाउस तथा 19 उच्च जलाशय के कार्य शामिल हैं।
- बीसलपुर का पानी आने से पृथ्वीराज नगर के लोगों की टैंकरों पर निर्भरता कम हो जाएगी और साथ ही यहाँ भूजल स्तर में भी सुधार होगा।
- पीएचईडी (शहरी) के मुख्य अभियंता के.डी. गुप्ता ने बताया कि परियोजना के प्रथम चरण का 85 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है जिसमें 15 उच्च जलाशय तथा 7 स्वच्छ जलाशय के साथ ही 95 फीसदी पाइप लाइन बिछाने का काम हो गया है।


राजस्थान सरकार
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज
स्वीकृत राशि रूपये 563.93 करोड़
रंगोली गार्डन क्षेत्र पेयजल वितरण भाग का
" लोकार्पण "
मुख्य अतिथि
डॉ. महेश जोशी
माननीय मंत्री
जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग राजस्थान
के कर कमलों द्वारा
मंगलवार, दिनांक 19-09-2023 को सम्पन्न हुआ।
अध्यक्षता
श्री लालचन्द कटारिया
माननीय मंत्री कृषि,पशुपालन एवं मत्स्य विभाग राजस्थान
विशिष्ट अतिथि




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bisalpur-prithviraj-nagar-drinking-water-project-phase-i